दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, सोमवार 02 जनवरी 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## धनी-मानी लोग जेल में!

आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामला धीरे-धीरे एक ऐसे कांड के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें 'जेल रेखा' से ऊपर समझे जाने वाले लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ताजा गिरफ्तारी वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की हुई है।

भारत में ऐसा कम ही होता है कि कोराबार जगत के रसूखदार लोगों तक कानून के हा पहुंचे। इसीलिए जब ऐसा होता है, तो सहज यकीन नहीं होता कि सचमुच कानून अपना काम कर रहा है। बहरहाल, आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामला धीरे-धीरे एक ऐसे कांड के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें 'जेल रेखा' से ऊपर समझे जाने वाले लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ताजा गिरफ्तारी वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की हुई है। इससे पहले चंदा कोचर और उनके पति गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ और प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने चंदा कोचर और उनके पति पर 2012 में वीडियोकॉन समूह को बैंक को दिए गए कर्ज के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। 71 साल के धूत को वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को आईसीआईसीआई बैंक से मंजूर ऋण में कथित धोखाधड़ी और अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 1,730 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी होने का आरोप है। इल्जाम है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने ट्रेंड इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, सेंचुरी अप्लायंसेज लिमिटेड, कैल लिमिटेड, वैल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इवान फ्रेजर एंड कंपनी इंडिया लिमिटेड को लगभग 3,250 करोड़ रुएये की क्रेडिट सुविधाओं को मंजूरी दी। ये सभी कंपनियां वेणुगोपाल धूत के वीडियोकॉन ग्रुप से संबंधित थीं। कोचर को करोड़ों रुपए के इस धोखाधड़ी मामले के कारण 2018 में आईसीआईसीआई बैंक में अपने पद से हटना पड़ा था। तब उन्होंने अपने और अपने पति के खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया था। जाहिर है, धूत भी ऐसा ही करेंगे। इसलिए अब इस मामले की जांच कर रही सीबीआई के सामने चुनौती अपने आरोपों को कोर्ट में साबित करने की होगी। यह भी क अनुभव है कि रसूखदार लोगों के खिलाफ अगर कभी जांच एजेंसियां कार्रवाई शुरू भी करती हैं, तो अदालत से ऐसे लोग बच निकलते हैं। बहरहाल, यह अवश्य ध्यान में रखना होगा कि इस कार्रवाई से ऐसा संदेश ना जाए कि कारोबारी जानबूझ कर निशाना बनाए जा रहे हैं। इसलिए सारी कार्यवाही ठोक-बजा कर आगे बढ़ाई जानी चाहिए।

## ऋषभ पंत समेत 5 खिलाड़ी हो सकते हैं आईपीएल से बाहर, मुंबई इंडियंस के सामने डबल टेंशन



**नईदिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें संस्करण के मिनी ऑक्शन हाल ही में संपन्न हुए थे। इस ऑक्शन में सैम करन और कैमरून ग्रीन जैसे कई युवा खिलाड़ियों का बोलबाला देखने को मिला था। वहीं लीग के आगामी सीजन से पहले कुछ टीमें इंजरी की समस्या को लेकर परेशान हैं। उसमें से मुंबई इंडियंस लिए टेंशन डबल हो गई है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम दो स्टार खिलाड़ियों की चोट से चिंतित हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स अपने कप्तान ऋषभ पंत के भयानक एक्सीडेंट के बाद अलग ही दुविधा में पड़ गई है।

ऋषभ पंत समेत आईपीएल के कुल पांच ऐसे स्टार खिलाड़ी हैं जो आगामी सीजन को मिस कर सकते हैं। उनमें से दोखिलाड़ी मुंबई इंडियंस के हैं। वहीं एक-एक खिलाड़ी पंजाब किंग्स और आरसीबी के हैं। दिल्ली कैपिटल्स उनके खुद कप्तान ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद चिंता में पड़ गई है। अब आप नाम सोच रहे होंगे कि ये सभी खिलाड़ी हैं कौन, तो खबर में आगे हम एक-एक करके सब जानेंगे किस खिलाड़ी के ऊपर क्यों आईपीएल मिस करने का खतरा है।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत का 30 दिसंबर 2022 की सुबह भयानक एक्सीडेंट हो गया था। इस घटना में वह बुरी तरह घायल हो गए थे। उनके घुटने का लिगामेंट फट गया है, वहीं उनके सिर में और पीठ में भी चोट लगी है। इस घटना के बाद अभी कुछ स्पष्ट नहीं है कि पंत कितने दिन में पूरी तरह फिट होकर मैदान पर लौट पाएंगे। हालांकि, डॉक्टरों के बयान और विशेषज्ञों की राय के मुताबिक लिगामेंट इंजरी में कम से कम 2 महीने और अधिकतम 6 महीने रिकवर होने में लगते हैं। ऐसे में अप्रैल-मई में होने वाले आईपीएल 2023 में ऋषभ पंत के खेलने पर खतरा हो सकता है।

मुंबई इंडियंस के सामने दोहरी दुविधा खड़ी हुई है। टीम अपने स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की इंजरी (स्ट्रेस फ्रैक्चर) से परेशान ही थी कि अब मिनी ऑक्शन में दूसरे सबसे महंगे बिके ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंड कैमरून ग्रीन की इंजरी ने भी टीम को डरा दिया है। आपको बता दें कि कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ की भारी कीमत पर खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन गए थे, लेकिन साउथ अफ्रीका सीरीज के दौरान उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। अब मुंबई इन दोनों खिलाड़ियों की इंजरी को लेकर असमंजस में है। बुमराह भी अभी तक वापसी नहीं कर पाए हैं और ग्रीन का फ्रैक्चर कब तक सही होगा यह देखने वाली बात होगी।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल नवंबर के महीने में अपने घर पर ही फिसलने के कारण चोटिल हो गए थे। उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इस हादसे के बाद वह अपनी नेशनल टीम से तो लगातार बाहर ही हैं। साथ ही उनके आईपीएल 2023 में अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलने पर भी सस्पेंस बरकरार है। देखना होगा कि कब तब मैक्सवेल वापसी कर पाते हैं। अगर वह आगामी सीजन नहीं खेलते हैं तो यह आरसीबी के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## ओडिशा एफसी हमारे जैसा ही खेलती है : मुंबई सिटी एफसी के डेस बकिंघम



**भुवनेश्वर।** मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को ओडिशा एफसी द्वारा पेश किए गए खतरे की परवाह किए बिना जिस तरह से वे खेलना चाहते हैं। उसे जारी रखने की जरूरत है, जिसका सामना वे सोमवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में करेंगे। दूसरे स्थान पर मौजूद मुंबई सिटी एफसी ओडिशा एफसी से आठ अंक आगे है, जो आईएसएल तालिका में छठे स्थान पर है। कलिंगा वारियर्स को घर में छह हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन कलिंगा स्टेडियम में मुकाबला करना बाकी है, जहां वे आइलैंडर्स के खिलाफ बेहतर करना चाहेंगे।

मिडफील्डर्स अपनी संबंधित टीमों की सफलता के लिए और उनके खेलने के तरीके के संदर्भ में महत्वपूर्ण रहे हैं। बकिंघम ने कहा कि ओडिशा एफसी की खेलने की शैली उनकी टीम के समान है।

बकिंघम ने कहा, उनके पास एक अच्छी टीम है और जिस तरह से जोसेप (गोम्बाउ) उन्हें सेट करते हैं, वे एक निश्चित तरीके से खेलना चाहते हैं और यह हमारे जैसा ही है। उनके पास कुछ अच्छे स्ट्राइकर हैं और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि हमारे डिफेंडर्स इसके लिए तैयार है।

कलिंगा स्टेडियम ओडिशा एफसी के लिए किला बन गया है, जो अपने घर में पांच मैचों में हारे नहीं है। गोम्बाउ की टीम ने अपने पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है और मुंबई सिटी एफसी निश्चित रूप से अपना काम पूरा कर लेगी। हालांकि, बकिंघम ने जोर देकर कहा कि विपक्ष की परवाह किए बिना उनका ²ष्टिकोण नहीं बदलेगा।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला, वनडे विश्व कप में सिर्फ 20 प्लेयर्स को ही मिलेगा मौका

**नई दिल्ली।** इस साल होने वाले विश्व कप को देखते हुए बीसीसीआई ने अपनी कमर कस ली है। सचिव जय शाह ने 50 ओवरों के विश्व कप को लेकर एक एक्शन प्लान तैयार किया है। जानकरी के अनुसार बीसीसीआई वनडे फॉर्मेट में 20 खिलाडि़यों का एक पूल तैयार करने जा रही है। विश्व कप के मद्देनजर इन्हीं 20 खिलाडि़यों को टीम में रोटेट किया जाएगा। बात दें कि आज टी20 विश्व कप 2022 में इंडियन क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर रिव्यू मीटिंग हुई जिसके बाद जय शाह ने यह जानकारी दी।

इस बारे में बीसीसीआई द्वारा प्रेस रिलीज कर ये बताया गया कि, पुरुष टीम के फ्यूचर प्लान और विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी सभी आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ काम करेगी. आईपीएल 2023 में खेलने वाले कोर क्रिकेटर्स पर नजर रखी जाएगी। उभरते हुए क्रिकेटर्स को घरेलू क्रिकेट में भी खेलना होगा तभी उन्हें राष्ट्रीय टीम में मौका दिया जाएगा। वहीँ, यो-यो टेस्ट और डेक्सा टेस्ट क्लियर करने वाले खिलाड़ी को ही आगे मौके दिए जाएंगे।

## नए साल में घर के किराए पर नहीं लगेगा जीएसटी, कुछ अन्य चीज़ों पर भी घटाया गया टैक्स

**नईदिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ इंदिरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने एक नोटिफिकेशन जारी कर यह कहा है कि किसी प्रोपराइटर को रेजिडेंशियल इस्तेमाल के लिए घर किराए पर देने पर 1 जनवरी 2023 से गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) नहीं देना होगा। सीबीआईसी ने यह फैसला पिछले महीने 17 दिसंबर को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में दिए गए सुझाव के बाद लिया गया है।



आपको बता दें, सीबीआईसी ने अपनी नोटिफिकेशन में यह स्पष्ट किया है कि नए साल यानी 1 जनवरी, 2023 से किसी भी रेजिडेंशियल यूनिट पर जिसे रजिस्टर्ड यूनिट के प्रोपराइटर को किराए पर दिया गया हो वो जीएसटी के दायरे से बाहर होगी। लेकिन इसकी एक शर्त है, वो यह कि उस रेजिडेंशियल यूनिट का इस्तेमाल केवल इंडिविजुअल कैपेसिटी में ही किया जाना चाहिए।

इसके अलावा, सीबीआईसी ने यह भी स्पष्ट किया की अगर किसी प्रॉपर्टी का इस्तेमाल मालिकाना हक के लिए किया जा रहा है तो, उसके मालिक पर रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

सीबीआईसी की नोटिफिकेशन में अन्य चीज़ों का भी जिक्र किया गया है जिनपर 1 जनवरी, 2023 से टैक्स में बदलाव किया गया है। जैसे की-

पेट्रोल के साथ मिलावट के लिए रिफाइनरी को आपूर्ति की जाने वाली एथिल एल्कोहल, जिस पर 1 जनवरी से 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। आपको बता दें, एथिल एल्कोहल पर अभी तक 18 प्रतिशत टैक्स लग रहा था।

इसके अलावा, दालों की भूसी पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। पहले इसपर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता था। जबकि फलों के रस से बनने वाले पेय पदार्थों पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा।

## नए साल में सुधार की उड़ान की तैयारी, एयरलाइंस की विस्तार योजना पर रहेगी नजर

**नईदिल्ली।** घरेलू हवाई यात्री यातायात में तेज बढ़ोतरी और एयरलाइंस की महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं के साथ देश का नागरिक उड्डयन क्षेत्र मजबूती से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, सुधार की इस राह पर कोविड महामारी को लेकर व्याप्त आशंकाओं और भू-राजनीतिक तनाव के चलते वर्ष 2023 में बाधाएं भी आ सकती हैं।

इस साल एयर इंडिया की अपने परिचालन के विस्तार और समेकन की योजना है। इंडिगो बड़े विमानों पर ध्यान दे रही है और जेट एयरवेज भी नए सिरे से कदम बढ़ाने के लिए तैयार है। ऐसे में एयरलाइंस की समग्र लाभप्रदता विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ सप्ताह से घरेलू यात्रियों की संख्या रोजाना चार लाख से अधिक है।

विमानन क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण विमान के पुर्जों की कमी हो गई है और विमान की आपूर्ति में देरी हो रही है। साथ ही वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी भी चिंता का विषय है।

टाटा समूह के घाटे में चल रही एयर इंडिया पर नियंत्रण करने से लेकर आकाश एयर का संचालन शुरू होने तक वर्ष 2022 कई प्रमुख विमानन गतिविधियों के लिए याद किया जाएगा। हालांकि, जेट एयरवेज का भविष्य अभी अनिश्चित बना हुआ है। इस दौरान सरकार की ईसीएलजीएस (आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना) से किफायती विमानन कंपनियों स्पाइसजेट और गो फर्स्ट को जरूर राहत मिली।



विमानन क्षेत्र में यात्रियों और विमानों की संख्या बढने के साथ ही हवाई अड्डों की संख्या भी बढ़ रही है। गोवा और अरुणाचल प्रदेश में हाल में नए हवाई अड्डों के उद्घाटन हुए। देश में इस समय परिचालन में शामिल 146 हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम हैं। सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में इस आंकड़े को 200 तक पहुंचाना है।

## मार्च 2024 तक जनऔषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 10,000 करने की योजना




**नईदिल्ली।** सरकार ने कहा कि उसकी योजना मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों (पीएमबीजेके) की संख्या बढ़ाकर 10,000 करने की है। जनऔषधि केंद्रों के जरिये सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पिछले आठ वर्षों में पीएमबीजेपी के जरिये लगभग 18,000 करोड़ रुपये की बचत की गई है।

सरकार ने देश भर के 766 जिलों में से 743 जिलों को शामिल करते हुए 9,000 से अधिक केंद्रों को चालू किया है। पीएमबीजेके में ऐसी दवाओं को बेचा जाता है, जिनकी कीमत ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम होती है।

इन केंद्रों पर 1,759 दवाएं और 280 सर्जरी उपकरण उपलब्ध हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषधि विभाग ने नवंबर 2008 में इन केंद्रों की शुरुआत की थी और पीएमबीजेपी ने दिसंबर 2017 में 3,000 केंद्र खोलने का लक्ष्य हासिल किया था। मार्च 2020 में इन केंद्रों की संख्या बढक़र 6,000 हो गई।

आधिकारिक बयान में कहा गया, पिछले वित्त वर्ष में केंद्रों की संख्या 8,610 से बढक़र अब 9,000 हो गई है। सरकार ने देश भर के 766 में से 743 जिलों को शामिल करते हुए 9,000 से अधिक केंद्रों के साथ पीएमबीजेपी की पहुंच को व्यापक बनाया है। बयान में आगे कहा गया, सरकार ने मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों (पीएमबीजेके) की संख्या बढ़ाकर 10,000 करने का लक्ष्य रखा है। जनऔषधि केंद्रों के जरिये वित्त वर्ष 2021-22 में 893.56 करोड़ रुपये मूल्य की दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की बिक्री की गई थी। इस तरह ब्रांडेड दवाओं की तुलना में देशवासियों के 5,300 करोड़ रुपये बचाने में मदद मिली।

## 28 अप्रैल को पर्दे पर आएगी पोन्नियन सेल्वन-2



निर्देशक मणिरत्नम की ब्लॉकबस्टर फिल्म पोन्नियन सेल्वन ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए। इस फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब सराहा। यही वजह है कि इसके दूसरे भाग पोन्नियन सेल्वन 2 की रिलीज डेट आने का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। निर्माताओं ने 28 दिसंबर 2022 को ऐलान कर दिया है कि दूसरा भाग 28 अप्रैल, 2023 को आएगा। आइए जानें फिल्म से जुड़ीं कुछ खास बातें।

पोन्नियन सेल्वन तमिल भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है कावेरी नदी का बेटा। यह एक बेहद लोकप्रिय उपन्यास है, जिसे कल्कि कृष्णमूर्ति ने लिखा। यह लगभग 2,000 पन्नों का ऐतिहासिक उपन्यास है, जिसके कई संस्करण हैं और अंग्रेजी में अनुवाद प्रकाशित किए जा चुके हैं। यह पहली बार 1950 के दशक के दौरान तमिल पत्रिका कल्कि में प्रकाशित हुआ था। वास्तविक ऐतिहासिक घटनाओं और पात्रों से प्रेरित इस उपन्यास के खासतौर से साउथ में बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं।

यह मणिरत्नम का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वह इस फिल्म पर बीते 28 सालों से काम कर रहे थे। मणिरत्नम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि 1994 में उन्होंने इस ऐतिहासिक कहानी को पर्दे पर लाने का मन बनाया था, लेकिन उस वक्त 100 करोड़ रुपये के बजट में फिल्म बनाना बड़ी बात थी।

## रवि तेजा की तेलुगु फिल्म क्रैक की हिंदी रीमेक में रणवीर सिंह आएंगे नजर



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। उनकी हालिया कई फिल्में सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। अब सुनने में आ रहा है कि वह साउथ स्टार रवि तेजा की तेलुगु फिल्म क्रैक की हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। क्रैक पिछले साल रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। क्रैक की रीमेक में रणवीर मुख्य भूमिका में पर्दे पर नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑरिजनल फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म को टॉलीवुड के प्रमुख प्रोडक्शन वेंचर मिथ्री मूवी मेकर्स और अल्लू अरविंद की गीता आर्ट्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। हालांकि, अभी इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन व्यस्त हो सकता है। दूसरों के कारण मानसिक उलझनों से व बाहर के खाने से बचें। यदि नौकरी की तलाश में हैं तो आज आपको सुखद सूचना मिल सकती है लेकिन अति लोभ व नकारात्मक विचारों से ऊपर उठें।

**वृष :** आपका प्रयास आज रंग लाएगा। किसी तरह का शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाने का काम करेंगे। अपनों का सहयोग मिलेगा, मित्र भी साथ देंगे। स्वास्थ्य बेहतर होगा।

**मिथुन :** आपको धन लाभ होने की संभावना है। मनोकामना की पूर्ति का दिन है। आज दिन शुभ रहेगा। आज का दिन मंगलमय रहेगा। अचानक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। अल्प प्रयासों से यश मिलेगा। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क :** विद्यार्थी वर्ग के लिए समय अनुकूल है। कर्क राशि के जातक आज ऊर्जावान रहेंगे। भागीदारी में लाभ कम होगा। आपके अपने मधुर व्यवहार करें इसलिए लिए जागरूक रहना सही है। शारीरिक स्वस्थता को बढावा दें।

**सिंह :** आपका आज का दिन मिश्रित रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। कोई समाचार मिलने के योग है। समय निकालकर आराम करें। सोच-समझकर यात्रा एवं कार्य-व्यवहार करें।

**कन्या :** आज आशानुकूल लाभ होने की संभावना है। आपको अधिकारी वर्ग से सहायता मिलेगी। विरोधी निर्बल रहेंगे। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**तुला :** आज प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना बनेगी। जिससे आपको धन लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। आपको यश, मान, सम्मान में वृद्धि का योग बन रहा है।

**वृश्चिक :** आज कार्य बनने की खुशी होगी। बनाए गए नए सम्पर्कों से लाभ होने की संभावना है। सफलता प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। जोखिमपूर्ण कार्यों में रुचि बढ़ेगी, सावधानी पूर्वक कार्य करने की जरूरत है। महिला वर्ग के सहयोग से लाभ होगा।

**धनु :** आज व्यस्तता बनी रहेगी। फिर भी कार्यों की गति धीमी रहेगी। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी। नए कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद की अस्वस्थता से परेशान न हों सब सही रहेगा।

**मकर :** आज की गई यात्रा सुखद रहेगी। किसी कार्य संबंधी मामले में उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा भेंट मिलने की खुशी होगी। दिन अनुकूल रहने से मानसिक प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कुंभ :** आज आत्मविश्वास में बढोतरी होगी। कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु तंग कर सकते हैं, सावधान रहें। प्रेम संबंध में तालमेल बनाएँ रखें। आत्मविश्वास की कमी दिख सकती है इसे कमजोर न होने दें।

**मीन :** भाग्य का साथ आज सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे। यश-कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यवहार कुशलता और शांत रहकर कार्य बना लें। उन्नति का अवसर मिलेगा। भाई, बहन और बंधु-बांधवों से विचार के तालमेल का अभाव बनेगा। सहकर्मियों से संबंध मधुर रखें।

## होटल जैसा क्रिस्पी मेथी पनीर पराठा



सर्दियों में सभी पराठा खाना पसंद करते हैं। आज आपको पराठे की यूनिक रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिसमें पनीर का भी ट्विस्ट है। तो, चलिए जानते हैं, मेथी पनीर पराठा बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

1 कप मेथी के पत्ते, 1 कप पनीर, 2 प्याज कद्दूकस किए हुए, अदरक-लहसुन का पेस्ट, स्वादानुसार नमक, 1 टी स्पून लालमिर्च पाउडर, 1 टी स्पून जीरा पाउडर, 1 टी स्पून धनिया पाउडर, 1-2 हरी मिर्च टुकड़ों में कटा हुआ, 3-4 चम्मच आवश्यकतानुसार तेल

**विधि :**

- एक बाउल में आटा लें, इसमें नमक और तेल डालकर मिक्स करें।
- गुनगुने पानी की मदद से आटा गूंथ लें।
- अब एक दूसरे बाउल में मेथी, पनीर, नमक और सभी मसाले डालकर फीलिंग तैयार कर लें।
- अब आटे का लोई बनाकर बेलें, इसके बीच में स्टफिंग रखें और चारों तरफ से आटे को उठाकर इसे कवर करके दोबारा बेल लें।
- एक पैन या तवा गरम करके उस पर इस पराठे को डालें और दोनों तरफ तेल लगाकर क्रिस्पी होने तक सेक लें।
- तैयार है मेथी पनीर पराठा।


## शब्द सामर्थ्य- 299

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 298 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## सू-दोकू- 299

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.298 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |